## बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांकः–6ए0 / वि02–1031 / 2018 (खण्ड IX)– 157(मा0) पटना, दिनांकः– 10/08/2026

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
प्रशासनिक एवं वित्तीय विंग,
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन।

विषय– **वर्ष 2026–27 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के अकांक्षी अररिया जिला के लौह प्रभावित बसावटों / वार्डो के लिए ट्रीटमेंट यूनिट के साथ पाईप जलापूर्त्ति योजनाओं के निर्माण तथा परिचालन एवं रख–रखाव हेतु राज्यांश मद से 17.94900 लाख रूपये (सत्रह लाख चौरानवें हजार नौ सौ रूपये) मात्र की राशि की विमुक्ति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्ष 2018–19 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अंतर्गत बिहार राज्य के आकांक्षी (Aspirational) 2 जिलों यथाः पूर्णियाँ एवं अररिया के लौह प्रभावित कुल 687 अदद् बसावटों / वार्डो के लिए ट्रीटमेंट यूनिट के साथ 809 अदद पाईप जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण एवं पांच वर्षो के लिए रख–रखाव एवं परिचालन हेतु योजना की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक–6ए0 / वि02–1031 / 2018–344, दिनांक–25.01.2019 के द्वारा कुल 35475.46 लाख रूपये (तीन सौ चौवन करोड़ पचहत्तर लाख छियालीस हजार रूपये) मात्र की राशि प्रदान की गई है।

2. उक्त स्वीकृत योजना के अंतर्गत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया द्वारा राशि की अधियाचना की गई है। प्राप्त अधियाचनाओं के आलोक में उक्त प्रमंडल के अन्तर्गत लौह प्रभावित बसावटों / वार्डो के लिए ट्रीटमेंट यूनिट के साथ पाईप जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण तथा परिचालन एवं रख–रखाव हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया को बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0एल0 खाता में **NRDWP** के राज्यांश मद की उपलब्ध निधि से निम्न तालिका के अनुसार **17.94900 लाख रूपये (सत्रह लाख चौरानवें हजार नौ सौ रूपये) मात्र** की राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

| क्र. सं. | लोक स्वा0 प्रमंडल का नाम | पत्रांक / दिनांक | राज्यांश मद में स्वीकृत राशि (लाख रू0 में) | राज्यांश मद में अबतक विमुक्त राशि (लाख रू0 में) | विमुक्त राशि (लाख रू0 में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सामान्य | अनु0 जाति | कुल अंको में | कुल शब्दों में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | अररिया | 982/ 16.06.2026 | 17230.9435 | 13597.69953 | 15.00 | 2.94900 | 17.94900 | सत्रह लाख चौरानवें हजार नौ सौ रूपये मात्र। |
| कुल | | | | | **15.00** | **2.94900** | **17.94900** | सत्रह लाख चौरानवें हजार नौ सौ रूपये मात्र। |

अनुरोध है कि **राज्यांश मद में** कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया को पी0एल0 खाता के माध्यम से उक्त राशि संलग्न विवरणी अनेक्सचर–'क' के अनुसार विमुक्त की जाय।

विश्वासभाजन

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक–6ए0 / वि02–1031 / 2018 (खण्ड IX)– 157(म्या0) पटना, दिनांक–10/08/2026

1.प्रतिलिपी– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

i. बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत **राज्यांश मद में** पी0एल0 खाता के माध्यम से उक्त विमुक्त राशि से स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन पर व्यय किया जाए।

ii. इस योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत योजना की राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी हालत में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

iii. इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

2.प्रतिलिपि– सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, के आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

4.प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, के प्रधान आप्त प्रधान सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

5.प्रतिलिपि– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र / अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अंचल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.प्रतिलिपि–अनुलग्नक सहित मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार) / बजट पदाधिकारी / अधीक्षण अभियंता (मो0) / कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–10 / आई0टी0 मैनेजर / प्रशाखा पदाधिकारी–6 / रोकड़पाल, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन / कार्यवाहक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी–6 को अतिरिक्त 2 प्रतियों सहित संचिका में रखने हेतु लो0 स्वा0 अभि0 विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 10/08/2026

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)